## मानपुर बफर में मिला तेंदुए का शव

### वन विभाग की गश्ती टीम को बाघ से संघर्ष का अंदेशा

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बांधवगढ़ वन परिक्षेत्र के मानपुर बफर में माला बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 349 में वन विभाग की गश्ती टीम को एक मृत तेंदुआ मिला। सूचना मिलते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की मदद ली गई।

जांच के दौरान पास के नाले के आसपास तेंदुए और बाघ के पगमार्क मिले, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि तेंदुए की मौत किसी अन्य मांसाहारी वन्यजीव के साथ संघर्ष के कारण हुई होगी। अंधेरा होने के कारण मौके पर पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। वन विभाग ने बताया कि पोस्टमार्टम से मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।



फिलहाल, क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और आसपास के इलाकों की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास अन्य वन्यजीवों के पगमार्क भी मिले हैं, जिससे संघर्ष की आशंका और मजबूत हो जाती है। मृत तेंदुए की उम्र लगभग पांच वर्ष बताई जा रही है।

गौरतलब है कि बीते रविवार पानपत्ता वन परिक्षेत्र के सहारा बीट में भी कक्ष क्रमांक आरएफ 499 में एक तेंदुए का शव मिला था, जिसके नाखून समेत अन्य अंग गायब थे। लगातार हो रही तेंदुओं की मौत ने वन प्रबंधन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। वन विभाग ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

## गिरदावरी करने गए सर्वेयर पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत साखी में बैसवार मोहल्ला गिरदावरी करने गए सर्वेयर मंगेश राठौर पर खेत के पेड़ में लगी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए वहां पर कंबल देकर उनकी जान बचाई गई और तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया सर्वेयर साथी मंगेश राठौर पिता शुभेलाल राठौर जो साखी गांव के रहने वाले है।



ब्यौहारी हॉस्पिटल में अमृत राठौर ने तत्काल भर्ती करवाया करवाया और मंगेश ने अपने साखी गांव के बैस समाज के लोगों का बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया जिन्होंने उसे उस दिन कंबल देकर जान बचाई। अपने सर्वेयर संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा और सभी साथियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ्य की कामना की है।

## अटल भू जल योजना पर कार्यशाला

**पन्ना, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन तथा भू जल स्तर में सुधार के उद्देश्य से पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड में अटल भू जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में भी सहायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर 2019 को देश के चयनित विकासखण्डों में योजना का शुभारंभ किया था। इससे अजयगढ़ विकासखण्ड की 65 ग्राम पंचायतों के 118 ग्रामों की 2 लाख 19 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा।

अटल भू जल योजना अंतर्गत विकास व हितग्राहीमूलक कार्यों में विभागीय समन्वय तथा जनजागरूकता गतिविधियों के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अटल भू जल योजना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उद्यानिकी, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा क्रियान्वित अब तक के कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही आगामी कार्ययोजना के माध्यम से योजना के परिणाममूलक कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रगति तथा कृषकों के प्रशिक्षण व सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने अटल भू जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने, प्रशिक्षण, जनजागरूता इत्यादि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित जिला समन्वयक जनअभियान परिषद आनंद पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## उमरिया में बिना सूचना के 15 दिन से गायब दो पंचायत सचिव निलंबित



**उमरिया, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने दो पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया है। ग्राम पंचायत मसूरपानी के सचिव संतोष सिंह और ग्राम पंचायत देवरा के सचिव रमाकांत गौतम पर यह कार्रवाई की गई है।

मसूरपानी ग्राम पंचायत से शिकायत मिली कि संतोष सिंह पदस्थ होने के बाद से लगातार अनुपस्थित रहते हैं। वे कॉल का जवाब भी नहीं देते। जनपद पंचायत करकेली के सहायक विकास विस्तार अधिकारी शिवम भट्ट ने जांच की। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि संतोष सिंह 15 दिन से पंचायत में नहीं आए हैं। इस लापरवाही से ग्राम पंचायत के हितग्राही मूलक कार्य, भुगतान और योजनाओं का काम प्रभावित हो रहा था। वहीं ग्राम पंचायत देवरा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सचिव रमाकांत गौतम भी अनुपस्थित रहते हैं। दोनों सचिवों की इस लापरवाही के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया।

## जनता को भिखारी कहने पर प्रहलाद पटेल का पुतला फूंका, कांग्रेस का प्रदर्शन



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया में जनता को भिखारी बताने वाले बयान के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया। गुरुवार को रानी दुर्गावती चौक पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह ने मंत्री प्रहलाद पटेल से इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन और कोर्ट तक ले जाने की तैयारी में है। जिला प्रवक्ता अशोक गौंटिया के अनुसार आठ मार्च को कांग्रेस फिर से विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री के बयान को जनता का अपमान बताते हुए कड़ी निंदा की।

## शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए एमपी टास पोर्टल ओपन

**शहडोल, देशबन्धु।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण शहडोल ने जानकारी दी है जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्यनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए एमपी टॉस पोर्टल आगामी 15 दिवस के लिए खोला गया है। पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन एमपी टॉस पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैराथन दौड़ का किया आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेन्ट्रल बैंक शहडोल के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रणव कपूर, जिला अग्रणी प्रबंधक अमित चौरासिया, क्षेत्रीय कार्यालय एवं बैंक के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 398 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** विधायक मनीषा सिंह के नेतृत्व में निरोगी काया अभियान के तहत आज जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत चुहिरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला स्तरीय चिकित्सकों की टीम द्वारा ओपीडी के 199, सिकल सेल एनीमिया के 45, आई ओपीडी के 35, बीपी एवं शुगर के 110 सहित 9 अन्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा,जनपद सदस्य श्रीमती रूकमणि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वेदमणि मिश्रा, सरपंच श्री दिनेश टांडिया, खंड चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. यूबी सिंह, डीएचओ-1 डॉ. आर.के. शुक्ला सहित अन्य समाजसेवी, चिकित्सक एवं आमजन उपस्थित रहे।

## जीपीएफ एवं ईजीपीएफ की भुगतान प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण 10 व 11 को

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त जिला आहरण संवितरण अधिकारी को पत्र जारी किया है कि शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान ई-जीपीएफ के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके तारतम्य में जिला कोषालय ग्वालियर में पायलेट टेस्टिंग कर ऑनलाइन जीपीएफ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र महालेखाकार कार्यालय द्वारा सफलतापूर्वक जारी किये गये हैं। इस हेतु आईएफएमआईएस अंतर्गत ईजीपीएफ अंतिम भुगतान व्यवस्था पूरी तरह से ऑनलाईन है जिसमें शासकीय सेवक सेवानिवृत्ति के 4 माह पूर्व जीपीएफ अंतिम भुगतान हेतु आईएफएमआईएस में ऑनलाइन आवेदन करेगा। यह आवेदन स्वयं के लॉगिन से या विशेष परिस्थिति में डीडीओ ऑन विहाफ सुविधा का उपयोग कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ जीपीएफ पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर प्रकरण के सार ऑनलाइन महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किये जायेंगे, जिससे अविलम्ब भुगतान की कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त प्रक्रिया के सुचारु एवं सफल संचालन हेतु ई-दक्ष केन्द्र जिला मुख्यालय शहडोल में चार चरणों में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 10 एवं 11 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं सहायक कोषालय अधिकारी द्वारा समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## सीधी सांसद के घर के बाहर बेकाबू कार का कहर, बाल-बाल बचे एमपी

**सीधी, देशबन्धु।** जिले में बुधवार की रात करीब 11 बजे सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के निवास के बाहर अचानक अफरा-तफरी मच गई। जब एक बेकाबू कार ने उनकी बाउंड्रीवॉल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त सांसद जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। घटना इतनी भयानक थी कि टक्कर की तेज आवाज सुनकर वहां मौजूद लोग घबरा गए।

सांसद डॉ. मिश्रा ने बताया कि वे बाउंड्रीवॉल के पास खड़े होकर आमजन से संवाद कर रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार लहराती हुई आई और दीवार से जा टकराई। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक नशे में था और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा



पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी चालक का मेडिकल परीक्षण कराया और उसके खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और दुर्घटना करने का मामला दर्ज करने की बात कही।

**सांसद ने जताई नाराजगी, ट्रैफिक व्यवस्था पर उठाए सवाल**

इस घटना के बाद सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सीधी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी को शहर की अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, हादसे के 12 घंटे बीत जाने के बाद भी यातायात अधिकारी को घटना की खबर तक नहीं थी। यह शहर की लचर व्यवस्था को दर्शाता है। सांसद ने कहा कि सीधी में आए दिन जाम की समस्या रहती है और शराब के नशे में वाहन चलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सख्त किया जाए और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सांसद की सख्त प्रतिक्रिया के बाद अब जनता की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## पीएम आयुष्मान भारत निरामयम् योजना नारायण प्रजापति के लिए बनी वरदान

**शहडोल, देशबन्धु।** शासन की राष्ट्रीय बाल्य स्वास्थ्य कार्यक्रम जन्म से 18 वर्ष के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। बच्चे जो कटे-फटे होंठ,तालू, टेढ़े-मेढ़े पैर हृदय रोग से पीड़ित तथा अन्य जन्मजात विकृतियों से ग्रसित हैं।

उन्हें इन बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श उपचार तथा इको जाँच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अन्तर्गत बनाए गये आयुष्मान कार्ड उन बच्चों के उपचार में मील का पत्थर साबित हो रही है जो परिवार अपने बच्चों का पैसों के अभाव में उपचार नही करा पाते।



इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम मसियारी निवासी 15 वर्षीय नारायण प्रजापति पिता स्व. बाबूलाल प्रजापति जो बचपन से हृदय रोग से पीड़ित था और बच्चें की माता उसका उपचार नही करा पा रही थी। नारायण प्रजापति का जिला स्तरीय शिविर में जयसिंहनगर की आर.बी.एस. के. चिकित्सक डॉ. अनिल पनिका एवं डॉ. एसआर साहू द्वारा जिला स्तरीय शिविर मे उसकी इको जाँच कराई गई तथा गैलेक्सी अस्पताल जबलपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे द्वारा बच्चे का ऑपरेशन किया गया। नारायण प्रजापत की माँ श्रीमती उर्मिला प्रजापति ने कहा कि बच्चे का उपचार निःशुल्क किया गया जिसमें बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ्य है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी नही सोचा था कि मेरे बच्चे का निःशुल्क उपचार होगा लेकिन पी.एम. आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत मेरे बच्चे का निःशुल्क उपचार हुआ इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन का धन्यवाद देती हूं।

गौरतलब है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा जिला प्रबंधक आर.बी.एस.के. कंचन पटेल के अगुवाई में बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श, उपचार तथा इको जाँच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक आज

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में 7 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों और खरीदी केन्द्रों के निर्धारण तथा अन्य निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा होगी। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा सर्वसंबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण कल

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 की लाभार्थी महिलाओं को मार्च माह की सहायता राशि का अंतरण शनिवार, 8 मार्च को किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ला?ली बहनों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक के जरिए राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नगरीय निकायों के वार्डों और ग्राम स्तर तक वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम आयोजन के संबंध में समस्त एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## छह हजार से अधिक किसानों का 90 करोड़ बकाया

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में किसानों को समय पर भुगतान नहीं हुआ। खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधकों को भी राशि नहीं मिली, जिसे देखते हुए संभाग शहडोल में रबी सीजन की फसलों के उपार्जन का कार्य अब नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा ही किया जाएगा। इसकी वजह यह सामने आई है कि खरीफ सीजन की फसलों के उपार्जन में लगी एजेंसी ने किसानों को समय पर भुगतान में लेटलतीफी और तमाम व्यवस्थाओं के बीच किसान परेशान रहे।

**खरीफ सीजन की उपज खरीदी में बरती जा रही मनमानी**-लेटलतीफी और लापरवाही को देखते हुए एनसीसीएफ को रबी सीजन की खरीदी से हटा दिया गया है। जिले में अब रबी सीजन के उपार्जन का कार्य पूर्व वर्षों की भांति नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जाएगा। विभाग द्वारा इसकी तैयारियाँ शुरू भी कर दी गई हैं। यह निर्णय प्रदेश स्तर से लिया गया है। गौरतलब है कि एनसीसीएफ नामक एजेंसी को प्रदेश शासन



**एनसीसीएफ की जगह अब नान करेगी गेहूं की खरीदी**

द्वारा खरीफ सीजन के उपार्जन का कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दिया गया था।

उसके द्वारा प्रदेश के शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के अलावा बैतूल जिले में धान खरीदी की गई, लेकिन कंपनी की लापरवाही और मनमानी का परिणाम यह रहा कि धान बेचने वाले हजारों किसानों को अभी तक भुगतान नहीं मिल पाया है। आज तक की स्थिति में छह हजार से अधिक किसानों को 90 करोड़ से अधिक का भुगतान होना बाकी है, जबकि खरीदी 23 जनवरी को ही खत्म हो चुकी है। परिवहन और मिलिंग के कार्य भी संतोषजनक नहीं रहे। इसका असर यह रहा कि रबी सीजन की फसलों की बिक्री के लिए पंजीयन कार्य में किसानों ने रुचि नहीं दिखाई। जिला आपूर्ति अधिकारी विपिन पटेल के अनुसार, रबी सीजन की खरीदी का कार्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कराया जाएगा।

**गेहूं के लिए पंजीयन पर भी असर**- एनसीसीएफ की मनमानी का असर रबी सीजन की बिक्री के लिए पंजीयन पर भी आ रहा है। धान खरीदी के बुरे अनुभव को देखते हुए किसान गेहूं पंजीयन को लेकर आगे नहीं आ रहे। यही कारण है कि अभी तक मात्र 22 सौ किसान ही पंजीयन करा पाए हैं। हालांकि, पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक ही होना है।

**इधर किसानों की चेतावनी से डरा प्रशासन**- इस बीच किसानों ने सात मार्च से किए जाए वाले आंदोलन को कलेक्टर से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया है। किसानों ने भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिस पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बुधवार को किसानों को बुलाकर होली के पहले भुगतान का भरोसा दिया है। इसके बाद किसानों का आंदोलन स्थगित कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि होली बाद भी भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।